<u>प्रेस प्रकाशनी</u>

संसदीय कार्य मंत्रालय 16 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2018 तक स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है।

इस अवसर पर आज 25 अप्रैल, 2018 को समिति कक्ष 63, संसद भवन में मंत्रालय के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए योग पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में, डॉ. योगी उदय, प्राचार्य, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली ने स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता के महत्व को और योग के माध्यम से इसे कैसे प्राप्त किया जा सकता है उसे स्पष्ट किया। डॉ. योगी उदय के मार्गदर्शन में मंत्रालय के अधिकारियों और स्टाफ द्वारा विभिन्न योगासन और प्राणायाम किए गए।

***